आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये गये नितिन नबीन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दी बधाई।
- केन्द्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी बने भारतीय जनता पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष। केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कल लखनऊ में की घोषणा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं को नये प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्य करने को किया प्रेरित। कहा– सरकार और संगठन मिलकर प्रदेश को बढ़ाएंगे आगे।
- प्रदेश में कल से शुरू हुआ सघन पल्स पोलियो अभियान। बाइस दिसम्बर तक पांच साल तक के बच्चों को पिलायी जायेगी पोलियो की खुराक।

**********

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नितिन नबीन को पार्टी संसदीय बोर्ड ने तत्काल प्रभाव से पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। नितिन नबीन वर्तमान में बिहार सरकार में मंत्री हैं और कई बार विधायक रह चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि नितिन नबीन एक युवा और कर्मठ नेता हैं और उनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है। बिहार में मंत्री और विधायक के रूप में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड रहा है। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नबीन की ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में पार्टी को मजबूत करेंगी।

**********

महाराजगंज से सात बार के लोकसभा सांसद और केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। कल लखनऊ के राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित पार्टी के संगठन पर्व समारोह में केन्द्रीय चुनाव अधिकारी और केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने श्री चौधरी के नाम की औपचारिक घोषणा की। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने नवनियुक्त अध्यक्ष को पार्टी का झंडा सौंपा। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां जितने व्यवस्थित और लोकतांत्रिक तरीके से सदस्य से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाता है वह बहुत बड़ी बात है।

***विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के हम सब सदस्य हैं, हम सब उसको सींचते हैं, उसको आगे लेकर जाते हैं और दुनिया हैरान है। दुनिया भर में पार्टियां हैं, दुनिया भर में राजनीतिक गतियां चलती हैं लेकिन जितने व्यवस्थित तरीके से भारतीय जनता पार्टी जितने लोकतांत्रिक तरीके से भारतीय जनता पार्टी में सदस्य बनाने से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को चुनने तक और हर एक पड़ाव पर जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी में सहमतियां बनती है, लोगों के विचार विमर्श किया जाता है, आपसी समन्वय के साथ पार्टी चलती है, यह कितनी बड़ी बात है, वास्तव में इसका सबसे बड़ा श्रेय अगर किसी को जाता है तो इस पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को जाता है।***

प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर पंकज चौधरी ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी पार्टी में न परिवारवाद चलता है और न जातिवाद। भाजपा में कोई भी सक्रिय कार्यकर्ता पार्टी के शीर्ष पद पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि मैं अपने दायित्वों को बखूबी निभाने की कोशिश करूंगा।

***यह भारतीय जनता पार्टी जैसी लोकतांत्रिक पार्टी में ही संभव है कि वह मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को भी एक बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती। हमारी पार्टी में कोई वाद नहीं चलता है। ना परिवारवाद चलता है और ना जातिवाद चलता है। हमारी पार्टी का नेतृत्व ना किसी खास परिवार को मिलता है और ना ही किसी खास जाति को मिलती है। हमारी पार्टी में कोई भी व्यक्ति कोई भी सक्रिय कार्यकर्ता बड़े से बड़े दायित्व को पहुंच सकता है।***

नये प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री चौधरी का स्वागत करते हुए कहा कि अब सरकार और संगठन मिलकर आगे बढ़ेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को आगे बढ़ायेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को नये अध्यक्ष के नेतृत्व में काम करने के लिये प्रेरित किया।

इस अवसर पर श्री योगी ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने अपने साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल के दौरान अपने दायित्वों का बखूबी निर्वाह किया।

***एक अनुभवी कार्यकर्ता को उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिलने के साथ ही उत्तर प्रदेश के अंदर अब नए गति के साथ सरकार और संगठन मिलकर के आदरणीय प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप आगे बढ़ने के संकल्प के साथ बढ़ पाएगा। मैं इस अवसर पर धन्यवाद दूंगा चौधरी भूपेंद्र सिंह जी को जो पिछले साढ़े तीन वर्ष से प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रदेश के अंदर हर एक उन कार्यक्रमों को गति प्रदान करने में अपना योगदान दे रहे थे। इस दौरान प्रदेश तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ा।***

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के 120 सदस्यों का निर्वाचन भी कल सम्पन्न हो गया। उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय परिषद के लिये लखनऊ से राजनाथ सिंह, गोरखपुर से योगी आदित्यनाथ, प्रयागराज से केशव प्रसाद मौर्य, उन्नाव से बृजेश पाठक और सुल्तानपुर से स्मृति ईरानी का नाम प्रमुख रूप से शामिल है।

**********

पंकज चौधरी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हें शुभकामनायें दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने सात बार सांसद रह चुके श्री चौधरी की वर्षों से पार्टी के प्रति समर्पण और अनुशासित कार्य की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्री चौधरी का लंबा राजनीतिक अनुभव और कार्यकुशलता उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने में सहायक होगी।

**********

प्रदेश के प्राथमिकता वाले 33 जिलो में कल से सघन पल्स पोलियो अभियान शुरू हो गया। 22 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। इसी क्रम में उन्नाव में जिला अस्पताल से निकाली गयी पोलियो जागरूकता रैली को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चंदौली में मेडिकल कॉलेज परिसर में मुख्य विकास अधिकारी आर. साई जगत ने नवजात शिशुओं को दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया। इसी तरह लखनऊ, पीलीभीत, भदोही और चंदोली सहित विभिन्न जनपदों में लगाये गये पोलियो बूथ में बच्चों को पोलिया की खुराक पिलाई गई।

**********

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सुप्रीम कोर्ट से उन सभी ऐतिहासिक सबूतों और दस्तावेजों को वापस मांगने के लिए अनुरोध करेगा, जिनके आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने राम मंदिर के संदर्भ में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इन ऐतिहासिक धरोहरों को राम मंदिर परिसर में निर्माणाधीन संग्रहालय में सुरक्षित रखा जायेगा।

***जो स्क्रिप्ट है, स्क्रिप्ट में कोशिश यह कही गई है कि हम भगवान राम की वास्तविकता कि वह इस अयोध्या धाम में थे, उनका वंश था यहां पर और कौन से ऐसे साक्ष्य मिले जिनसे कि हम उनके पूरे इतिहास को जोड़ सकते हैं तो उस प्रकार का स्क्रिप्ट बना है। इस 5,000 वर्षों में कैसे जुड़ेगा इतिहास उसके लिए वहां पर चीजें ली गई हैं, तो सभी चीजें तो शायद आवश्यक नहीं होती दिखाना लेकिन जो आवश्यक है, उसको जो हमारे चीफ क्यूरेटर साहब है, वह अध्ययन कर रहे हैं। अब एक जो सबसे बड़ी आवश्यकता है, वह यह है कि हमें न्यायालय से अनुमति लेनी है। वह न्यायालय के अभी कस्टडी में है तो उनको पत्र लिखा गया है कि आप हमें अब यह पूरा सौंप दें।***

**********

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वंदे भारत ट्रेनों में संबंधित क्षेत्र के स्थानीय व्यंजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्थानीय व्यंजन शुरू करने से यात्रियों को उस क्षेत्र की संस्कृति और स्वाद की झलक मिलेगी। यह सुविधा भविष्य में धीरे–धीरे सभी ट्रेनों में लागू की जाएगी।

**********

वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत कल नमो घाट पर आयोजित सांस्कृतिक निशा में काशी के परम्परागत कजरी नृत्य की धूम रही। तमिल मेहमान भी नृत्य देख कर मंत्रमुग्ध हो गए। उधर, तमिल पर्यटकों के छठे दल का कल प्रयागराज में भव्य स्वागत किया गया। इस दल में 214 स्वयं सहायता समूह की लखपति दीदीयां शामिल हैं। यह दल हनुमान मंदिर, और स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन के बाद कल ही अयोध्या के लिये रवाना हो गया।

**********

प्रदेश के कई पूर्वी और पश्चिमी जिलों में ठंड और कोहरे का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। बीते कुछ दिनों में तराई वाले जिलों के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में गिरावट होने और कोहरा पड़ने का सिलसिला अगले तीन चार दिनों तक जारी रहेगा। दिसम्बर के दूसरे पखवाड़े में तेजी से ठंड बढ़ने का पूर्वानुमान है।

**********